# हरियाणा विधान सभा

**सोमवार, 10 सितम्बर, 2018**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**तारांकित प्रश्न**

---

## राजकीय आयुर्वेदिक औषद्यालय खोलना

***2755. डॉ० पवन सैनी, एम०एल०ए० :** क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि लाडवा निर्वाचनक्षेत्र के गांव ढंगाली में आयुर्वेदिक औषद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

---

## किसानों को टोल फ्री नम्बर उपलब्ध कराना

***2659. श्री परमेन्द्र सिंह ढुल, एम०एल०ए० :** क्या राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या राज्य के किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और कीटों इत्यादि के कारण क्षतिग्रस्त हुई उनकी फसलों का तुरन्त सर्वेक्षण करवाने के लिए टोल फ्री नम्बर आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## बाजरा फसल का कुल बोया गया क्षेत्र

***2767. डॉ० अभय सिंह यादव, एम०एल०ए० :** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) राज्य में बाजरे की फसल का जिलेवार बोया गया क्षेत्र कितना है;

(ख) राज्य में जिलेवार बाजरे का अपेक्षित उत्पादन कितना है; तथा

(ग) राज्य में बढ़ी हुई एम.एस.पी. पर अगले खरीद सीजन में बाजरे की खरीद के लिए सरकार की कार्य योजना क्या है ?

---

## अंग्रेजी माध्यम कक्षाएं शुरू करना

***2662. श्री केहर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम कक्षाएं शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## आयातित चाइनीज नमक की बिक्री

***2670. श्री करण सिंह दलाल, एम०एल०ए० :** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य सरकार के पास राज्य में आयातित चाइनीज नमक की बिक्री के बारे में सूचना है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## मैट्रो रेल परियोजना का विस्तार करना

***2770. श्री उमेश अग्रवाल, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या पुराने गुरूग्राम में मैट्रो रेल परियोजना का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो मैट्रो रेल परियोजना का विस्तार कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## अंडर पास तथा उपरि–पुल का निर्माण

***2817. श्री श्याम सिंह राणा, एम०एल०ए० :** क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या रादौर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र की यमुनानगर के साथ लगती राजमार्ग–73 बाई–पास पर कलानौर से कैल तक की निम्नलिखित सड़कों पर अंडर पास या उपरि–पुल बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

i. कलानौर से कमालपुर;
ii. दुसानी से तिगरा/तिगरी;
iii. यमुनानगर से करनाल वाया गुमथला, जठलाना;
iv. यमुनानगर से जयपुर/अलाहर;
v. यमुनानगर से खेड़ी लख्खा सिंह वाया जोड़िया, हरनौली;
vi. भूत माजरा से हरगढ़;
vii. सुढ़ल–सुढैल से भम्भोल ; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है ?

---

## पीने के पानी की कमी

***2678. श्रीमती किरण चौधरी, एम०एल०ए० :** क्या जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि भिवानी जिले में पीने के पानी की कमी है ; तथा

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए क्या पग उठाये गए हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## हिसार बस स्टैण्ड को दक्षिणी बाई–पास से जोड़ना

***2680. डॉ० कमल गुप्ता, एम०एल०ए० :** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि हिसार बस स्टैण्ड को दक्षिणी बाई–पास से जोड़ने की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो हिसार बस स्टैण्ड को दक्षिणी बाई–पास से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाये गए तथा उसके कब तक जोड़े जाने की संभावना है ?

---

**दादरी में एम्बुलैंस नियंत्रण कक्ष स्थापित करना**

***2720. श्री राजदीप सिंह, एम०एल०ए० :** क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि दादरी जिले में एम्बुलैंस नियंत्रण कक्ष कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है ?

---

**बस अड्डे का नवीनीकरण**

***2739. श्रीमती सीमा त्रिखा, एम०एल०ए० :** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बड़खल बस अड्डे का नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त बस अड्डे का नवीनीकरण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

---

**रैनी वेल की संख्या बढ़ाना**

***2695. श्री मूल चन्द शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में अधिक रैनी वेलों का निर्माण करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो क्या ददासिया, धरोड़ा तथा मोठूखा में कोई नया रैनी वेल निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

**विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय का निर्माण**

***2687. श्री टेक चन्द शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या कौशल विकास तथा औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) विश्वकर्मा कौशल विकास विश्वविद्यालय, दूधोला का निर्माण कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है तथा उपरोक्त विश्वविद्यालय में कक्षाएं कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है तथा उपरोक्त विश्वविद्यालय में कितने पाठ्यक्रम आरम्भ किये जाने की संभावना है; तथा

(ख) क्या गांव दूधोला के विद्यार्थियों को उपरोक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आरक्षण देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

**प्रदूषण नियंत्रित करना**

***2701. श्री नगेन्द्र भडाना, एम०एल०ए० :** क्या पर्यावरण मंत्री कृपया बताएंगे कि जिला फरीदाबाद में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाये गए ?

---

**राजौंद में महिला महाविद्यालय की स्थिति**

***2861. श्री जय प्रकाश, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि कलायत विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के राजौंद में राजकीय महिला महाविद्यालय की वर्तमान स्थिति क्या है ?

---

**डम्पिंग ग्राउंड का प्रावधान**

***2693. श्री वेद नारंग, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बरवाला शहर में कचरे की समस्या को दूर करने के लिए एक डम्पिंग ग्राउंड उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

---

## कार्गो हवाई अड्डा विकसित करना

***2690. श्री घनश्याम सर्राफ, एम०एल०ए० :** क्या नागरिक उड्डयन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवानी में कार्गो हवाई अड्डा विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक विकसित किये जाने की संभावना है ?

---

## बरवाला तहसील में गांव सम्मिलित करना

***2747. श्री अनूप धानक, एम०एल०ए० :** क्या राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री कृपया बताएंगे कि बरवाला तहसील में गांव सोथा, भादा, पनिहारी तथा सरसाना को सम्मिलित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

---

## अनाधिकृत कालोनियों को मंजूर करना

***2714. श्री ललित नागर, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या तिगांव विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में चौहान कालोनी, वेदराम कालोनी, श्याम कालोनी, सरस्वती कालोनी, कृष्णा कालोनी, बाबा सूरदास कालोनी, छज्जन नगर, धीरज नगर, दुर्गा बिल्डर कालोनी, सूर्या कालोनी, दीपावली एन्कलेव, ओम एन्कलेव, शिव कालोनी, शिवम एन्कलेव, अजय नगर, विनय नगर, जगमाल एन्कलेव, सूर्या विहार I तथा II, संजय कालोनी को मंजूरी देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कालोनियों को कब तक मंजूरी दिये जाने की संभावना है ?

---

## 66 के.वी. सब–स्टेशन स्थापित करना

***2759. श्री उदय भान, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि होडल निर्वाचनक्षेत्र के गांव बनचारी में 66 के.वी. सब–स्टेशन स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सब–स्टेशन के कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है ?

---

चण्डीगढ़ :
दिनांक 1 सितम्बर, 2018.

सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

56520—H.V.S.—H.G.P., Chd.